मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / MIS / 2019–20 / 101 / २८ भोपाल दिनांक ०६ नवम्बर 2019

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

(02) सचिव (समस्त),
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला ....(म0प्र0)

विषयः–प्रदेश के किसानों को मण्डी बोर्ड के कंट्रोल रुम (नियंत्रण कक्ष) के माध्यम से कृषि उपज की दैनिक विक्रय मात्रा एवं भाव की जानकारी उपलब्ध कराने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक / बी–5 / 2 / MIS / 2018–19 / 101 / 36 दिनांक 24 / 08 / 2018।

–0–

प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त हो सके इस उद्वेश्य से प्रदेश के किसानों, व्यापारियों तथा अन्य उपयोगकर्ताओं को प्रदेश की मण्डी समितियों के दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की जानकारी उनके चाहे जाने पर मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में स्थापित कंट्रोल रुम (नियंत्रण कक्ष) के परिवर्तित दूरभाष नम्बर–0755-4270561 के माध्यम से सतत् रुप से प्रति कार्य दिवस में समय प्रातः 09.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक निशुल्क प्रदाय किये जाने की सुविधा दिनांक 05 / 11 / 2019 से निरंतर रहेगी।

वर्तमान में प्रदेश की समस्त 257 मण्डियों में भारत सरकार की एगमार्कनेट योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उपरोक्त सुविधा को सुचारु रुप से निरंतर रखने के लिये निर्देशित किया जाता है कि अपने अंचल की समस्त मण्डियों से प्रतिदिन मण्डी में आने वाली समस्त जिन्सों की किस्मवार (वैरायटीवाईज) दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की सही व त्रुटिरहित जानकारी भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रतिदिन डाटा रिपोर्टिंग कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश के किसानों, व्यापारियों तथा अन्य उपयोगकर्ताओं के द्वारा इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सके।

अतः इस सुविधा के निरंतर होने की जानकारी अंचल की समस्त मण्डी समिति में आने वाले समस्त कृषक भाईयों एवं व्यापारियों को प्रमुखता से दी जाये। साथ ही इसे मण्डी कार्यालय के सूचना पटल पर साफ एवं सुस्पष्ट अक्षरों में प्रदर्शित किया जाये।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / MIS / 101 / 2019–20 / 29 भोपाल दिनांक 06 नवम्बर 2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(1) निज सहायक, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास सह अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(2) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।

(3) निज सहायक, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(4) अपर संचालक (समस्त) / संयुक्त संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(5) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक एवं State Project Coordinator, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(6) उप कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, 245, द्वितीय तल, महाराणा प्रताप नगर, जोन–2 भोपाल।

(7) श्री संजीव अग्निहोत्री, प्रोग्रामर, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपालः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक / बोर्ड / कार्मिक / ख / 738 पार्ट–8 / 1459 दिनांक 04 / 09 / 2019 के संदर्भ में।

(8) श्री राजेन्द्र झारिया, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपालः–प्रदेश के किसानों, व्यापारियों तथा अन्य उपयोगकर्ताओं को उनके चाहे जाने पर मण्डी समितियों के प्रचलित दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की जानकारी निर्धारित समयावधि में कंट्रोल रुम में पदस्थ कर्मियों के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल